**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2024-25**

**विषय - हिंदी (आधार)**

**विषय कोड – (302)**

**कक्षा - बारहवीं**

**निर्धारित समय: 03 घंटे** | **अधिकतम अंक : 80 अंक**

**सामान्य निर्देश :-**

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-
- यह प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है।
- खंड - क में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड - ख में पाठ्यपुस्तक अभिव्यक्ति और माध्यम से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- खंड - ग में पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| **प्रश्न संख्या** | **खंड - क (अपठित बोध)** | **अंक (18)** |
|---|---|---|
| **1.** | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- | **(10)** |
| | अच्छी बात करने वाला सभी का मान - सम्मान हासिल करता है, जबकि अनावश्यक रूप से तिक्त बात करने वाला अपने तमाम गुणों के बावजूद समाज में समुचित सम्मान नहीं प्राप्त कर पाता। बात व्यक्तिगत संबंधों की करें या राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की, हर जगह बातों की जादूगरी का बोलबाला है। बातों ने बड़े से बड़े युद्ध को रोका है तो बड़ा से बड़ा युद्ध करवाया भी है।<br><br>बातों की महत्ता इससे साबित होती है कि वह सकारात्मक भाव से कही जा | |

| | | |
|---|---|---|
| | रही हैं या नकारात्मक भाव से। बातें किसी के दिल से निकली हों, वे राग या विराग होती हैं। इसका असर बोलने और सुनने वाले दोनों पर होता है। कबीर कहते हैं ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरन को शीतल करे, आपहूं शीतल होए।'<br><br>किसी व्यक्ति की सफलता इन्हीं राहों से होकर गुज़रती है। व्यक्ति की बातें उसके व्यक्तित्व का आइना होती हैं। पहले धैर्य के साथ सुनना, समझना, मनन करना, फिर बोलना, यह कला जिस व्यक्ति में होती है वह जीवन की हर बाजी को जीतने की क्षमता रखता है। कोई नौकरीपेशा हो, व्यापारी हो, कलाकार हो या अन्य कार्य करता हो, सभी की सफलता और स्थायित्व के लिए वाकपटुता आवश्यक है। बातों के संदर्भ में एक आवश्यक बात यह भी है कि व्यक्ति की कथनी और करनी में सामंजस्य आवश्यक है। 'कहना कुछ, करना कुछ' जैसी चीज़ें पूरे समाज को चोटिल करती हैं। आजीवन वास्तविक साधुत्व को जीते राष्ट्रपिता गांधी के विवेकपूर्ण और ओजस्वी वक्तृत्व क्षमता के आगे शक्तिशाली फिरंगी और तमाम लोग नतमस्तक हो जाते थे।<br><br>(साभार - संगीता सहाय – जनसत्ता – 23 अप्रैल, 2024) | |
| (क) | बात का महत्त्व किसपर आधारित होता है ?<br>i. माहौल पर<br>ii. सकारात्मक या नकारात्मक होने पर<br>iii. संवेदनशीलता पर<br>iv. बोलने - सुनने वालों पर | 1 |
| (ख) | बापू के आचरण में हमें क्या नहीं मिलेगा ?<br>i. कथनी - करनी में समानता<br>ii. साधुत्व<br>iii. जीतने की इच्छा<br>iv. वाकपटुता | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -<br>**कथन (I)** : बात में सकारात्मक - नकारात्मक ऊर्जा होती है।<br>**कथन (II)** : बात सम्मान - अपमान का आधार हो सकती है।<br>**कथन (III)** : विवाद का समाधान बात पर आधारित होता है।<br>**कथन (IV)** : तिक्त बात करने वाले गुणी होते हैं।<br>**गद्यांश के अनुसार कौन - सा/ से कथन सही हैं ?**<br>i. केवल कथन (I) और (II) सही हैं।<br>ii. केवल कथन (II) सही है।<br>iii. केवल कथन (I), (II) और (III) सही हैं।<br>iv. केवल कथन (III) और (IV) सही हैं। | 1 |
| (घ) | व्यक्ति की सफलता का मार्ग क्या है ? | 1 |
| (ङ) | युद्ध करवाने और रोकने की जादूगरी का आधार बातें कैसे हो सकती हैं ? | 2 |
| (च) | कबीर के दोहे में वाणी अर्थात बातों की शीतलता से क्या आशय है ? | 2 |
| (छ) | कथनी और करनी का भेद समाज को कैसे चोट पहुँचाता है ? | 2 |
| | | |
| **2.** | दिए गए पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- | **(08)** |
| | एक बार मुझे आँकड़ों की उल्टियाँ होने लगीं<br>गिनते गिनते जब संख्या<br>करोड़ों को पार करने लगी<br>मैं बेहोश हो गया<br><br>होश आया तो मैं अस्पताल में था<br>खून चढ़ाया जा रहा था<br>आँक्सीजन दी जा रही थी<br>कि मैं चिल्लाया<br>डाक्टर मुझे बुरी तरह हँसी आ रही<br>यह हँसानेवाली गैस है शायद | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्राण बचानेवाली नहीं<br>तुम मुझे हँसने पर मजबूर नहीं कर सकते<br>इस देश में हर एक को अफ़सोस के साथ जीने का<br>पैदाइशी हक़ है वरना<br>कोई माने नहीं रखते हमारी आज़ादी और प्रजातंत्र<br><br>बोलिए नहीं - नर्स ने कहा - बेहद कमज़ोर हैं आप<br>बड़ी मुश्किल से क़ाबू में आया है रक्तचाप<br><br>डाक्टर ने समझाया - आँकड़ों का वाइरस<br>बुरी तरह फैल रहा आजकल<br>सीधे दिमाग़ पर असर करता<br>भाग्यवान हैं आप कि बच गए<br>कुछ भी हो सकता था आपको –<br>(कवि - कुंवर नारायण) | |
| (क) | कवि के अनुसार आँकड़ों से क्या किया जा सकता है ?<br>निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -<br>**कथन (I)** : आँकड़ों से सच छिपाया जा सकता है।<br>**कथन (II)** : आँकड़ों से आज़ादी में बाधा उत्पन्न की जा सकती है।<br>**कथन (III) :** आँकड़ों से अफ़सोस उत्पन्न होता है।<br>**कथन (IV) :** आँकड़ों से हँसाया जा सकता है।<br>**निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए।**<br>विकल्प:-<br>i. केवल कथन (I) सही है।<br>ii. केवल कथन (III) सही है।<br>iii. केवल कथन (II) और (III) सही हैं।<br>iv. केवल कथन (I) और (IV) सही हैं। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | कवि की हँसी का संभावित कारण था -<br>i. खून तथा ऑक्सीजन चढ़ाया जाना<br>ii. हँसाने वाली गैस<br>iii. गलत और झूठे आँकड़े<br>iv. आँकड़ों की उल्टियाँ | 1 |
| (ग) | कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br><table><tr><th colspan="2">कॉलम 1</th><th colspan="2">कॉलम 2</th></tr><tr><td>I</td><td>आज़ादी और प्रजातंत्र</td><td>(1)</td><td>गुमराह रखने का हथियार</td></tr><tr><td>II</td><td>आँकड़ों का वाइरस</td><td>(2)</td><td>यथार्थ में रहना</td></tr><tr><td>III</td><td>अफ़सोस के साथ जीना</td><td>(3)</td><td>सच जानने का अधिकार</td></tr></table>i. I-(2), II-(1), III-(3)<br>ii. I-(1), II-(3), III-(2)<br>iii. I-(1), II-(2), III-(3)<br>iv. I-(3), II-(1), III-(2) | 1 |
| (घ) | "आंकड़ों की उल्टियाँ" - से कवि का क्या तात्पर्य है ? | 1 |
| (ङ) | आँकड़ों का वाइरस सीधे दिमाग़ पर कैसे असर करता है ? | 2 |
| (च) | डॉक्टर के अनुसार कवि के साथ कुछ भी हो सकने से क्या तात्पर्य है ? | 2 |
| | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड – ख (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)** | **अंक (22)** |
| **3.** | निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :-<br>• विद्यालय का वह खास दिन<br>• बारिश में बिन छतरी<br>• हवाई जहाज के बिना दुनिया | **01x06=06** |
| **4.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **चार** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **04x02 = 08** |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कहानी और नाटक किन बिंदुओं पर समान होते हैं ? | 2 |
| (ख) | अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से क्या अभिप्राय है ? | 2 |
| (ग) | रेडियो संचार का कैसा माध्यम है ? इसकी कोई दो सीमाएँ लिखें। | 2 |
| (घ) | फ्रीलांसर पत्रकार कौन होता है ? | 2 |
| (ङ) | नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन के कोई दो लाभ बताएँ। | 2 |
| **5.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 80 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **02x04 = 08** |
| (क) | प्रिंट या मुद्रित माध्यम से आप क्या समझते हैं ? इसकी किन्हीं तीन विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। | 4 |
| (ख) | उलटा पिरामिड शैली किस प्रकार के लेखन की बुनयादी शैली होती है ? इसके मुख्य तीन भागों को स्पष्ट करें। | 4 |
| (ग) | खेल पत्रकारिता के महत्त्व को रेखांकित करते हुए बताएँ कि खेल पत्रकार में क्या विशेषताएँ होनी आवश्यक हैं ? | 4 |
| | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड - ग (पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **अंक (40)** |
| **6.** | निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :- | **05x01=05** |
| | फिर-फिर<br>बार-बार गर्जन<br>वर्षण है मूसलधार,<br>हृदय थाम लेता संसार,<br>सुन-सुन घोर वज्र - हुंकार।<br>अशनि - पात से शापित उन्नत शत - शत वीर,<br>क्षत - विक्षत हत अचल - शरीर,<br>गगन-स्पर्शी स्पर्द्धा धीर।<br>हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार - | |

| | | |
|---|---|---|
| | शस्य अपार,<br>हिल - हिल<br>खिल - खिल,<br>हाथ हिलाते,<br>तुझे बुलाते,<br>विप्लव - रव से छोटे ही हैं शोभा पाते। | |
| (क) | क्रांति का लाभकारी वर्ग होता है - ?<br>i. पूँजीपति<br>ii. छोटे पौधे<br>iii. बड़े पेड़<br>iv. शोषित वर्ग | 1 |
| (ख) | 'गगन - स्पर्शी स्पर्धा' - पंक्ति के अनुसार दिए गए कथनों पर विचार करते हुए **सही कथन** को चयनित कर लिखिए।<br>i. आसमान को छूने की कोशिश<br>ii. बादलों को छूने की चाह<br>iii. अत्यधिक महत्वाकांक्षी होना<br>iv. चुनौतियों का सामना करना | 1 |
| (ग) | रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - "क्रांति के ____________ के जैसे वज्र गर्जना"<br>i. हथियारों<br>ii. बादलों<br>iii. वीरों<br>iv. मूसलधार | 1 |
| (घ) | निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>**कथन (A) :** क्रांति से शोषकों के शोषण का अंत संभव है।<br>**कारण (R) :** क्रांति शोषितों के अधिकार सुनिश्चित करवा पाती है।<br>i. कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।<br>ii. कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है।<br>iii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) उसकी | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | सही व्याख्या नहीं करता।<br>iv. कथन (A) सही है तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | |
| (ङ) | तेज बरसात या क्रांति से कौन धराशायी हो जाते हैं ?<br>i. गरीब और अमीर लोग<br>ii. बड़े वृक्ष और छोटे पौधे<br>iii. बड़े वृक्ष और पूँजीपति<br>iv. बड़े वृक्ष और सर्वहारा | 1 |
| **7.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **02x03 = 06** |
| (क) | दिन ढलने के बाद लौट रहे राही के कदम शिथिल क्यों हो जाते हैं ? पाठ 'एक गीत' के आधार पर उत्तर दीजिए \| | 3 |
| (ख) | पाठ कवितावली के आधार पर स्पष्ट करें कि क्या तुलसी युग की समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं ? | 3 |
| (ग) | 'छोटा मेरा खेत' कविता में - कवि कागज़ को खेत का ही रूप क्यों मानता है ? | 3 |
| **8.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **02x02 = 04** |
| (क) | कविता 'बात सीधी थी पर' - में किसी बात को पेचीदा कैसे किया जाता है? | 2 |
| (ख) | 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता - आज के मिडिया पर प्रासंगिक व्यंग्य है, कैसे? | 2 |
| (ग) | रुबाइयाँ पाठ में - "आँगन में ठुनक रहा है ज़िदयाया है, बालक तो हई चाँद पै ललचाया है" - में व्यक्त बालपन को रेखांकित करें। | 2 |
| | | |
| **9.** | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :- | **05x01=05** |
| | मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार - लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अतिपरिचित और | |

| | | |
|---|---|---|
| | अतिप्रामाणिक सत्य हैं। तुलसीदास ने अफ़सोस के साथ इनकी सच्चाई पर मुहर लगाई थी - 'धरा को प्रमान यही तुलसी जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना !' मैं शिरीष के फूलों को देखकर कहता हूँ कि क्यों नहीं फलते ही समझ लेते बाबा कि झड़ना निश्चित है ! सुनता कौन है ? महाकालदेवता सपासप कोड़े चला रहे हैं, जीर्ण और दुर्बल झड़ रहे हैं, जिनमें प्राणकण थोड़ा भी उर्ध्वमुखी है, वे टिक जाते हैं। दुरंत प्राणधारा और सर्वव्यापक कालाग्नि का संघर्ष निरंतर चल रहा है। मूर्ख समझते हैं कि जहाँ बने हैं, वहीं देर तक बने रहें तो कालदेवता की आँख बचा जाएँगे। भोले हैं वे। हिलते - डुलते रहो, स्थान बदलते रहो, आगे की ओर मुँह किए रहो तो कोड़े की मार से बच भी सकते हो। जमे कि मरे। | |
| (क) | गद्यांश के अनुसार मूर्ख क्या समझते हैं?<br>i. जहाँ हैं, वहीं पर बने रहेंगे।<br>ii. प्राण और कालाग्नि में संघर्ष निश्चित है।<br>iii. कि वे बहुत भोले - भाले हैं।<br>iv. बदलाव आवश्यक है। | 1 |
| (ख) | पुराने फूल - पत्तों को यह क्यों समझना आवश्यक है कि - "झड़ना निश्चित है" ?<br>i. क्योंकि तुलसीदास ने इसे ही सत्य माना है<br>ii. महाकालदेवता के कोड़े चलने के कारण<br>iii. जन्म और मृत्यु जगत का प्रामाणिक सत्य है<br>iv. जन्म और मृत्यु के आपसी संघर्ष के कारण | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार **सही कथन** को चयनित कर लिखिए।<br>i. अफ़सोस जीवन का सच है।<br>ii. जो चीज़ फलती - फूलती है, उसका अंत निश्चित है।<br>iii. न्याय का चक्र गतिमान है।<br>iv. अधिकार प्राप्ति संघर्ष से ही संभव है। | 1 |
| (घ) | कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | <table><tr><th colspan="2">कॉलम 1</th><th colspan="2">कॉलम 2</th></tr><tr><td>I</td><td>जीवन का सत्य</td><td>(1)</td><td>अधिकार - लिप्सा</td></tr><tr><td>II</td><td>जीवन की स्थिरता</td><td>(2)</td><td>दुरंत प्राणधारा</td></tr><tr><td>III</td><td>जीवन की गतिशीलता</td><td>(3)</td><td>बुढ़ापा और मरणशीलता</td></tr></table><br>i. I-(3), II-(1), III-(2)<br>ii. I-(1), II-(3), III-(2)<br>iii. I-(1), II-(2), III-(3)<br>iv. I-(2), II-(1), III-(3) | |
| (ङ) | गद्यांश का केंद्रीय भाव हो सकता है -<br>i. सभी को अपने प्राण प्रिय हैं<br>ii. स्थिर रहना भोलापन है<br>iii. स्थिरता संघर्ष से आती है<br>iv. परिवर्तन प्रकृति का नियम है | 1 |
| **10.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **02x03 = 06** |
| (क) | भक्तिन पाठ के आधार पर पंचायत द्वारा किए गए अन्याय पर टिप्पणी कीजिए। | 3 |
| (ख) | 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर बताएँ कि भगत जी का व्यक्तित्व बाज़ार को कैसे सार्थकता देता है ? | 3 |
| (ग) | "काल मेघा पानी दे' - विज्ञान के तथ्य पर सहज प्रेम की विजय है।" - आशय स्पष्ट करें। | 3 |
| **11.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **02x02 = 04** |
| (क) | लुट्टन पहलवान की किन दो चारित्रिक विशेषताओं को आप अपने जीवन में समायोजित करना चाहेंगे ? | 2 |
| (ख) | शिरीष के फूल पाठ के आधार पर स्पष्ट करें कि लेखक गाँधीजी और शिरीष को एक समान क्यों बताता है ? | 2 |
| (ग) | बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अनुसार दासता की व्यापक परिभाषा | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | क्या है? | |
| | | |
| **12.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए :- | **02x05=10** |
| (क) | कहानी 'सिल्वर वैडिंग' के आधार पर उन भारतीय जीवन-मूल्यों को समझाएँ जो समय के साथ बदल रहे हैं। | 5 |
| (ख) | कविता के प्रति लगाव के बाद लेखक की अकेलेपन को लेकर धारणा क्यों बदल गई ? 'जूझ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। | 5 |
| (ग) | यदि आप पर्यटक के रूप में मोहनजोदड़ो जाएँ तो आप क्या–क्या देख सकते हैं ? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर लिखें। | 5 |
| | **--x----x----x----x--** | |

**अंक योजना**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2024-25**

**विषय - हिंदी (आधार)**

**विषय कोड – (302)**

**कक्षा - बारहवीं**

**निर्धारित समय: 03 घंटे** **अधिकतम अंक : 80 अंक**

***सामान्य निर्देश :-***

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
- वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन निर्दिष्ट अंक योजना के आधार पर ही किया जाए।
- वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।
- यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दे तो उसे अंक दिए जाएँ ।
- मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

| **प्रश्न संख्या** | **खंड - क ( अपठित बोध )** | **अंक (18)** |
|---|---|---|
| 1. | गद्यांश पर आधारित प्रश्न | (10) |
| (क) | ii सकारात्मक या नकारात्मक होने पर | 1 |
| (ख) | iii जीतने की इच्छा | 1 |
| (ग) | iii केवल कथन (I), (II) और (III) सही हैं। | 1 |
| (घ) | धैर्य के साथ सुनना, समझना, मनन करना, फिर बोलना | 1 |
| (ङ) | सकारात्मक या नकरात्मक भाव की संचारक बातें ही होती हैं। | 2 |
| (च) | मनुष्य जो बातें करे - उनमें सकारात्मक भाव हों, संवेदनशीलता हो, राग हो, स्नेहिल हों। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| (छ) | अविश्वसनीयता का संचार होता है, जिससे आपसी संबंध बिगड़ जाते हैं। | 2 |
| | | |
| **2.** | पद्यांश पर आधारित प्रश्न | **(08)** |
| (क) | i केवल कथन (I) सही है। | 1 |
| (ख) | iii गलत और झूठे आँकड़े | 1 |
| (ग) | iv I-(3), II-(1), III-(2) | 1 |
| (घ) | आंकड़ों से अत्यधिक घिरे रहना। | 1 |
| (ङ) | आँकड़ों से भ्रम उत्पन्न किया जाता है। इंसान झूठ को सच मानने लगता है। संख्याओं का लंबा - चौड़ा जाल बुना जाता है, जो भ्रामक होता है। | 2 |
| (च) | कवि आंकड़ों का शिकार हो सकता था। सभी अपनी बात समझाने के लिए आँकड़ों के खेल में लगे हैं। आँकड़ों को अपने हित में बढ़ा - चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। आँकड़े सच को सामने लाने की जगह सच को छिपाने के लिए अपनी सुविधानुसार दर्शाए जा रहे हैं। | 2 |
| | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड – ख ( अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न )** | **अंक (22)** |
| **3.** | दिए गए विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख :-<br>आरंभ -- 01 अंक<br>विषयवस्तु -- 03 अंक<br>प्रस्तुति -- 01 अंक<br>भाषा -- 01 अंक | **01x06=06** |
| **4.** | किन्हीं **चार** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर :- | **04x02 = 08** |
| (क) | कहानी और नाटक दोनों में कहानी, पात्र, परिवेश, कहानी का क्रमिक विकास, संवाद, द्वंद्व, चर्म उत्कर्ष होता है। | 2 |
| (ख) | ऐसे विषय जिसकी कभी आशा भी न की हो | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | विषय कोई भी - जो पहले से पढ़ा नहीं या रटा रटाया न हो | |
| (ग) | श्रव्य माध्यम है। - 01 अंक<br><br>सीमाएँ :- ½ + ½ अंक<br><br>▪ रेडियो में अखबार की तरह पीछे लौटकर सुनने की सुविधा नहीं है।<br>▪ अगर रेडियो बुलेटिन में कुछ भी भ्रामक या अरुचिकर है, तो संभव है कि श्रोता तुरंत स्टेशन बंद कर दे।<br><br>***उपरिलिखित बिंदु सांकेतिक हैं। अन्य बिंदु विचारणीय व स्वीकार्य हो सकते हैं।*** | 2 |
| (घ) | जिसका संबंध किसी खास अखबार से ना हो और वह भुगतान के आधार पर अलग - अलग अखबारों के लिए लिखता हो। | 2 |
| (ङ) | लाभ :- 01 + 01 अंक<br><br>▪ ये आपकी मौलिक रचना होगी<br>▪ लेखन कौशल में अत्यधिक विकास होगा<br><br>***उपरिलिखित बिंदु सांकेतिक हैं। अन्य बिंदु विचारणीय व स्वीकार्य हो सकते हैं।*** | 2 |
| **5.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 80 शब्दों में उत्तर :- | **02x04 = 08** |
| (क) | तात्पर्य - जिसे छापा गया हो। मुद्रित माध्यमों के तहत अखबार, पत्रिकाएँ, पुस्तकें आदि - 01 अंक<br><br>विशेषताएँ :- 03 अंक<br><br>▪ स्थायित्व होता है।<br>▪ रुचि और इच्छा के अनुसार धीरे-धीरे पढ़ सकते हैं।<br>▪ पढ़ते-पढ़ते कहीं भी रुककर सोच-विचार कर सकते हैं।<br><br>***उपरिलिखित बिंदु सांकेतिक हैं। अन्य बिंदु विचारणीय व स्वीकार्य हो सकते हैं।*** | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | समाचार लेखन की बुनियादी शैली है - 01 अंक<br><br>तीन भाग :- 03 अंक<br><br>मुखड़ा या इंट्रो<br><br>बॉडी<br><br>निष्कर्ष या समापन | 4 |
| (ग) | खेल में कैरियर आज अपने उफान पर, खेल पत्रकारों के लिए अद्‌भुत कैरियर के अवसर - 02 अंक<br><br>खेल पत्रकार की विशेषताएँ :- 02 अंक<br><br>▪ खेल की तकनीक, नियमों, बारीकियों की समझ<br>▪ खेल विशेष में कीर्तिमानों की जानकारी<br><br>***उपरिलिखित बिंदु सांकेतिक हैं। अन्य बिंदु विचारणीय व स्वीकार्य हो सकते हैं।*** | 4 |
| | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड - ग ( पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न )** | **अंक (40)** |
| **6.** | काव्यांश - पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उत्तर :- | **05x01=05** |
| (क) | iv शोषित वर्ग | 1 |
| (ख) | iii अत्यधिक महत्वाकांक्षी होना | 1 |
| (ग) | ii बादलों | 1 |
| (घ) | iv कथन (A) सही है तथा कारण (R) दोनों सही हैं, कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| (ङ) | iii बड़े वृक्ष और पूँजीपति | 1 |
| **7.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर :- | **02x03 = 06** |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | ▪ कवि एकाकी जीवन व्यतीत कर रहा है<br>▪ शाम के समय उसके आने के इंतजार में व्याकुल होने वाला कोई नहीं<br>▪ अतः वह किसके लिए तेजी से घर जाने की कोशिश करे<br>▪ इस प्रकार के विचार आते ही राही के कदम धीमे हो जाते हैं। | 3 |
| (ख) | ▪ तुलसीदास ने जो कहा, वह आज भी प्रासंगिक<br>▪ मूल्यहीनता, नारी की स्थिति, आर्थिक दुरावस्था का चित्रण किया है<br>▪ इनमें अधिकतर समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं | 3 |
| (ग) | ▪ कवि ने कवि - कर्म को कृषि के कार्य के समान बताया है<br>▪ जिस तरह किसान खेत में बीज बोता है, वह बीज अंकुरित, पल्लवित होकर पौधा बनता है<br>▪ इसी तरह किसी क्षण - एक रचना, विचार तथा अभिव्यक्ति का बीज बोया जाता है | 3 |
| **8.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर :- | **02x02 = 04** |
| (क) | ▪ बात को सहज रूप से न कहकर तोड़-मरोड़ कर या घुमा-फिराकर कहने का प्रयास<br>▪ अंततः बात उलझ जाती है | 2 |
| (ख) | ▪ कविता कुछ लोगों की संवेदनहीनता प्रकट करती है<br>▪ लोग धन कमाने एवं अपने कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुँचाते हैं<br>▪ किसी की करुणा बेचकर अपनी आय बढ़ाना चाहते हैं<br>▪ कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए उल्टे सीधे प्रश्न पूछते हैं।<br>▪ अतः प्रासंगिक है | 2 |
| (ग) | ▪ बच्चे जिद पर आते हैं तो अपनी इच्छा पूरी करवाने के लिए नाना प्रकार की हरकतें किया करते हैं<br>▪ बच्चे का ठुनकना, पाँव पटकना. रोना आदि सभी क्रियाएँ बालपन की सूचक हैं। | 2 |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| **9.** | गद्यांश - पर आधारित प्रश्नों के उत्तर :- | **05x01=05** |
| (क) | i जहाँ हैं, वहीं बने रहेंगे। | 1 |
| (ख) | iii जन्म और मृत्यु जगत का प्रामाणिक सत्य है | 1 |
| (ग) | ii जो चीज़ फलती - फूलती है, उसका अंत निश्चित है। | 1 |
| (घ) | i I-(3), II-(1), III-(2) | 1 |
| (ङ) | iv परिवर्तन प्रकृति का नियम है | 1 |
| **10.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर :- | **02x03 = 06** |
| (क) | ▪ भक्तिन की बेटी के संदर्भ में पंचायत द्वारा किया गया न्याय असल में अन्याय था<br>▪ तर्कहीन और अंधे कानून पर आधारित है<br>▪ संपति के लालच में षडयंत्र कर भोली बच्ची को धोखे से जाल में फंसाया<br>▪ लड़की की कोई बात नहीं सुनी गई<br>▪ पंचायत के अंधे कानून से बुरे की जीत - पीड़ित की हार हुई | 3 |
| (ख) | ▪ निश्चित समय पर चूरन बेचने के लिए निकलना<br>▪ निश्चित आमदनी के पश्चात चूरन को बच्चों में मुफ्त बाँट देना<br>▪ बाज़ार के आकर्षण से प्रभावित ना होना<br>▪ पैसे की व्यंग्य शक्ति से निर्लिप्त रहते हैं।<br>▪ उनकी आवश्यकताएँ और इच्छाएं सीमित हैं, अतः बाज़ार का आकर्षण उनपर कार्य नहीं करता। | 3 |
| (ग) | ▪ विज्ञान का अपना तर्क है जो तथ्य से उपजा है<br>▪ लोक मान्यता का आधार विश्वास है जो सहज प्रेम से आता है | 3 |
| **11.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर :- | **02x02 = 04** |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | **दो चारित्रिक विशेषताएँ** :- 01+01 अंक<br>▪ **साहसी**<br>▪ **संवेदनशील**<br>***उपरिलिखित बिंदु सांकेतिक हैं। अन्य बिंदु विचारणीय व स्वीकार्य हो सकते हैं।*** | 2 |
| (ख) | ▪ शिरीष चिलचिलाती धूप, लू, वर्षा और आँधी में भी अविचल खड़ा रहता है<br>▪ गाँधी जी आजादी के संग्राम में अन्याय, भेदभाव और हिंसा को झेलाते रहे<br>▪ शिरीष अनासक्त रहकर अपने वातावरण से रस खींचकर सरस, कोमल बना रहता है<br>▪ गाँधी जी अन्यायी शासन के विरोध में डटकर खड़े रहे | 2 |
| (ग) | ▪ दासता केवल कानूनी पराधीनता नहीं<br>▪ व्यक्ति को अपना पेशा चुनने की आज़ादी न होना या अपनी इच्छानुसार आचरण न करने देना | 2 |
| | | |
| **12.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के लगभग 100 शब्दों में उत्तर :- | **02x05=10** |
| (क) | जीवन मूल्य जो बदल रहे हैं :-<br>▪ संयुक्त परिवार का टूटता ढाँचा<br>▪ परंपराओं व रीति - रिवाज़ों से अलगाव<br>▪ बड़ों का अनादर<br>▪ त्याग भावना की कमी<br>***उपरिलिखित बिंदु सांकेतिक हैं। अन्य बिंदु विचारणीय व स्वीकार्य हो सकते हैं।*** | 5 |
| (ख) | ▪ पहले लेखक ढोर चराते समय, खेत में पानी लगाते हुए और अन्य काम करते हुए अकेलापन महसूस करता था<br>▪ उसे कष्ट होता था<br>▪ कविता के प्रति लगाव के बाद वह खेतों में पानी देते समय, भैंस चराते समय कविताओं में खोया रहता, तुकबंदी करता, अकेले में | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | ऊंची आवाज में कविता गाता, अभिनय व नृत्य करता, कविता गाते हुए नाचने लगता<br>▪ अतः उसे अकेलापन अच्छा लगने लगा था। | |
| (ग) | ▪ अजायबघर<br>▪ ढकी हुई पक्की नालियाँ<br>▪ अन्न भंडार<br>▪ बौद्ध स्तूप<br>▪ विशाल स्नानागार व कुंड<br><br>***उपरिलिखित बिंदु सांकेतिक हैं। अन्य बिंदु विचारणीय व स्वीकार्य हो सकते हैं।*** | 5 |
| | **--x----x----x----x--** | |